शुक्रवार
09 जुलाई 2021



पृष्ठ 4
हरे धनिये की पत्तियों के10 बेहतरीन फायदे



पृष्ठ 5
प्रतीक गांधी के साथ रोमांस कर सकती हैं विद्या बालन



● देहरादून
● वर्ष 28
● अंक 155
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
29 वां वर्ष
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

अधिकार जताने से अधिकार सिद्ध नहीं होता।
– रवीन्द्रनाथ ठाकुर

# कावड़ यात्रा बनी गले की फांस

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकार द्वारा 25 जुलाई से शुरू होने वाली कावड़ यात्रा को हरी झंडी दे दिए जाने के बाद अब यह मुद्दा उत्तराखंड सरकार के लिए गले की फांस बन चुका है। यही कारण है कि सरकार और सुबे के अधिकारी कावड़ यात्रा को लेकर कोई निर्णय नहीं ले पा रहे हैं।



महाकुंभ के आयोजन में कोविड इंतजामों पर अपनी किरकिरी करा चुकी उत्तराखंड की सरकार के लिए अब कावड़ यात्रा बड़ा सरदर्द बन गई है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी और हरियाणा के मुख्यमंत्री खट्टर ने कावड़ यात्रा को हरी झंडी दे दी है, ऐसे में स्वाभाविक है यूपी और हरियाणा से आने वाले कावड़ियों को रोक पाना एक बड़ी चुनौती होगी। यूपी व हरियाणा के लाखों कावड़िए गंगाजल लेने उत्तराखंड आते हैं अगर धामी सरकार कांवड़ यात्रा को मंजूरी दे देती है तो इन लाखों कांवड़ियों से कोर्ट की गाइडलाइनों का पालन सुनिश्चित कराना आसान नहीं होगा और अगर यात्रा की अनुमति नहीं दी जाती है तो सीमा पर इतना सुरक्षा बल तैनात करना होगा कि वह इन कांवड़ियों को राज्य की सीमाओं में प्रवेश से रोक सके। कुल मिलाकर दोनों ही स्थितियां अत्यंत चुनौतीपूर्ण है। यही कारण है कि सरकार और अधिकारी लंबी जद्दोजहद के बाद भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पा रहे हैं।

सच यह है कि धामी सरकार कावड़ यात्रा पर रोक लगाना चाहती है। सूबे के पुलिस महानिदेशक ने पूर्व में कहा भी था कि कांवड़ यात्रा पर रोक लगाई जाएगी तथा किसी भी कांवड़िये को राज्य की सीमाओं में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। लेकिन योगी और खट्टर सरकार द्वारा कावड़ यात्रा को हरी झंडी दिए जाने से समस्या गंभीर हो गई है। सुबे के अधिकारियों ने पहले यूपी व हरियाणा सरकार से यात्रा पर रोक लगाने का अनुरोध भी किया था जिसका कोई असर नहीं हुआ। वहीं दूसरी ओर सरकार चार धाम यात्रा शुरू कराने के निर्णय पर कोर्ट के चक्कर काट रही है और मामला सुलझता नहीं दिख रहा है। ऐसे में अब कांवड़ यात्रा पर सरकार संकट में फंस चुकी है और कोई निर्णय नहीं ले पा रही है।

**● सरकार नहीं ले पा रही है कोई निर्णय**
**● यूपी व हरियाणा से पड़ रहा है दबाव**

# आप का कल सीएम आवास कूच

## भाजपा का चुनावी जुमला है फ्री बिजली: पिरशाली



नगर संवाददाता

देहरादून। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता रविंद्र जुगरान और प्रदेश प्रवक्ता नवीन पीरशाली ने उत्तराखंड की जनता को मुफ्त बिजली दिए जाने के मुद्दे पर सरकार पर तंज कसा है।

आज पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए आप प्रवक्ता नवीन ने कहा कि बीजेपी ने पिछले साढ़े चार साल में केवल लूट और भ्रष्टाचार किया है। अब मुफ्त बिजली के मुद्दे पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बयान के बाद साफ हो गया है कि सरकार प्रदेश की जनता के साथ छल कर रही है। कहा कि फ्री बिजली देने की बात करने वाली बीजेपी का ये सिर्फ चुनावी जुमला है। जैसे अमित शाह कहते है चुनावों से पहले कोई जुमला होना चाहिए वैसे ही ये 100 यूनिट फ्री बिजली केवल चुनावी जुमला है। ऊर्जा मंत्री घोषणा करते 100 यूनिट बिजली फ्री देंगे लेकिन 24 घंटे के अंदर सीएम कहते हैं कि अभी कोई प्रस्ताव नहीं आया, कोई प्लान नहीं। इस टालमटोल रवैए से ये साफ हो गया बीजेपी आगामी चुनावों को देखते हुए केवल जुमलेबाजी कर रही है। कहा कि कल आप कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में अपनी इस मांग को लेकर सीएम आवास का घेराव करेंगे।

आप नेता रविंद्र जुगरान ने कहा, प्रदेश के पहले ऊर्जा मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत का मुफ्त बिजली को लेकर भ्रामक बयान देना और फिर नए नवेले मुख्यमंत्री का यह कहना कि ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं आया है से यह ◀◀ शेष पृष्ठ 3 पर

# जम्मू-कश्मीर में बढ़ेंगी विधानसभा की 7 सीटें

जम्मू–कश्मीर । जम्मू–कश्मीर विधानसभा की ७ सीटें बढ़ाई जाएंगी। इसके साथ ही यहां विधानसभा की कुल ९० सीटें हो जाएंगे। दौरे पर गए परिसीमन आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। आयोग के सदस्य मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा ने बताया कि परिसीमन की प्रक्रिया अगले साल मार्च तक पूरी कर ली जाएगी। २०११ की जनगणना को आधार मानकर यह काम किया जाएगा। यह खबर पाकिस्तान के लिए परेशानी वाली हो सकती है क्योंकि पाकिस्तान के जब्जे वाले कश्मीर में जम्मू कश्मीर की २४ सीटें आती हैं। भाजपा लगातार मांग कर रही है कि इन सीटों को भी विधानसभा चुनाव का हिस्सा बनाकर चुनाव करवाए जाएं। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी की जम्मू–कश्मीर इकाई के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को परिसीमन आयोग से मुलाकात की और पीओके, कश्मीर पंडितों, एससी और एसटी से विस्थापित लोगों को आरक्षण देने के लिए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पड़ने वाली २४ विधानसभा सीटों को अनफ्रीज करने की मांग की। जम्मू–कश्मीर भाजपा प्रमुख रविंदर रैना के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा में जम्मू के लिए पर्याप्त प्रतिनिधित्व की भी मांग की।




# देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 43393 नए मामले सामने आए, वहीं 911 लोगों की हुई मौत

नई दिल्ली। भारत के अधिकांश राज्यों ने शुक्रवार को कोरोना वायरस के मामलों में गिरावट दर्ज की, जबकि इनमें से कुछ में सक्रिय केसलोड उच्च बना रहा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शुक्रवार सुबह को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक पिछले २४ घंटों में ४३,३९३ नए मामले सामने आए हैं, वहीं ९११ लोगों ने जान गंवाई है. इस वक्त देश में ४,५८,७२७ एक्टिव केस मौजूद हैं, जो कि अब तक सामने आए कुल मामलों का १.४९त्न फीसदी है. अब तक देश में २,९८,८८,२८४ लोग कोरोना वायरस संक्रमण से ठीक हो चुके हैं, वहीं पिछले २४ घंटों के भीतर ४४,४५९ मरीज रिकवर हुए हैं. कोरोना का रिकवरी रेट ९७.१९त्न फीसदी दर्ज किया गया है. वीकली पॉजिटिविटी रेट



अभी भी ५ फीसदी से नीचे है और २.३६ फीसदी दर्ज किया गया है. वहीं डेली पॉजिटिविटी रेट २.४२त्न है और लगातार १८वें दिन ३ फीसदी से नीचे दर्ज किया गया है. अब तक देश भर में ४२.७० करोड़ से ज्यादा लोगों की कोरोना की जांच की जा चुकी है. वहीं ३६.८९ करोड़ से ज्यादा वैक्सीन की डोज लोगों को लगाई गई हैं. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुलेटिन के अनुसार शुक्रवार सुबह ८ बजे तक सबसे अधिक मामलों वाले शीर्ष पांच राज्य, महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक (३८,७५२ मामले), तमिलनाडु (३३,६६५ मामले) और आंध्र प्रदेश (३१,८५०) हैं। राज्यों में मौतों की संख्या भी काफी हद तक गिर गई है। केवल महाराष्ट्र और केरल में क्रमशरू ४३९ और १४२ मौतें दर्ज की गईं, जबकि अन्य सभी में मरने वालों की संख्ख्या दो अंकों में है। केरल ने एक दिन में कोविद–१९ से सबसे अधिक वसूली की सूचना दी, जिसमें ११,४१४ रोगियों को अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं से छुट्टी दे दी गई, इसके बाद महाराष्ट्र में ८,८१५ थे। जहां तक वायरस के खिलाफ टीकाकरण का संबंध है, उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक २,९८,९६,३७१ खुराकों के साथ लोगों को टीका लगाया गया।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

### लापरवाही पर लगाम जरूरी

कोरोना के तीसरी लहर का संभावित खतरा हमारे सर पर मंडरा रहा है जिसे लेकर न्यायपालिका से लेकर प्रधानमंत्री तक हमें हर रोज आगाह करा रहे है लेकिन हम न तो अपने अतीत से कोई सबक लेने को तैयार हैं और न किसी की कोई बात सुनने को। पहली लहर के बाद बरती गई लापरवाहियों के कारण देश और समाज में जिस असहनीय पीड़ा को झेला है उसका दर्द भुलाकर हम एक बार फिर पुरानी गलतियों को दोहराते दिख रहे हैं। हमने मान लिया है कि कोरोना खत्म हो गया है और अब हमें किसी तरह की सावधानी तथा सतर्कता की जरूरत नहीं है। दूसरी लहर के दौरान भीषण त्रासदी के बाद जैसे ही थोड़ी सी राहत मिली है तथा देश में सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक गतिविधियां शुरू हुई है उसके साथ ही सड़कों और बाजारों से लेकर तमाम सार्वजनिक स्थलों पर भारी भीड़ उमड़ना शुरू हो गई है स्वभाव के अनुकूल फिर तो किसी भी नियम कानून का पालन कराया जाना कितना मुश्किल होता है यह भी हम सभी जानते हैं और इन दिनों पूरे देश और प्रदेश से ऐसी ही तस्वीरें सामने आ रही हैं। न मास्क न कोई सामाजिक दूरी बस भीड़ ही भीड़। इन तस्वीरों पर जहां न्यायपालिका ने चिंता जाहिर की वहीं प्रधानमंत्री ने भी लोगों से अपील की है कि यह स्थिति बहुत डराने वाली है और इसके बहुत गंभीर परिणाम हो सकते हैं। कल उत्तराखंड के सीएम ने भी सभी जिलाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वह कोविड गाइड लाइनों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। उत्तराखंड सरकार को इस भीड़ के कारण ही जो पर्यटक स्थलों पर देखी जा रही है और इस भीड़ द्वारा जिस तरह नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है, के कारण ही चारधाम यात्रा शुरू करने की अनुमति हाई कोर्ट द्वारा नहीं दी गई है। राज्य सरकार इसी कारण 25 जुलाई से शुरू होने वाली कावड़ यात्रा को अनुमति देने से भी हिचक रही है। लेकिन लोगों की लापरवाही अपने चरम पर है। राज्य के तमाम पर्यटक स्थलों पर वीकेंड पर भारी भीड़ उमड़ रही है। अभी नैनीताल हाई कोर्ट द्वारा सरकार को कहा गया था कि वह वीकेंड पर पर्यटक स्थलों को खोलने के अपने निर्णय पर पुनर्विचार करें। कोर्ट द्वारा बार-बार सरकार को चेतावनी दिए जाने के पीछे ठोस कारण है। कुंभ मेले के आयोजन में बरती गई लापरवाही का नतीजा हम देख चुके हैं। सच यह है कि हम एक समय में दो नावों की सवारी नहीं कर सकते हैं। कोरोना की चुनौती इतनी गंभीर है कि हमें एक कड़े और स्पष्ट फैसले लेने की जरूरत है। सरकार अगर यह चाहे की बाजार भी खुले और चार धाम यात्रा व कावड़ यात्रा भी संचालित हों तथा पर्यटन स्थल भी गुलजार हों और कोरोना केस भी फिर से न बढ़ने पाए यह संभव नहीं है। तीसरी लहर के अत्यंत घातक होने की बात कही जा रही है, के प्रभाव को कम करना है तो सतर्कता जरूरी है और बिना शक्ति के नियमों का पालन संभव नहीं है। अन्यथा हमें फिर एक बार गंभीर स्थितियों का सामना करने को तैयार रहना चाहिए।

## जरूरतमंदों को बांटी राहत सामाग्री



संवाददाता

गणाई गंगोली। पूर्व दर्जा राज्य मंत्री कांग्रेसी नेता खजान गड्डू ने गंगोलीहाट विधानसभा के बनकोट,बासीखेत,खिरमांडे,गणाई गंगोली,गंगोलीहाट,बेलपट्टी,दशाईथल सहित आदि के गांवों में जाकर सैकडों ग्रामीणों को कोविड १६ के नियमों का पालन करने की जानकारी देने के साथ उन्हे मास्क और सैनिटाइजर वितरीत किये।इस मौके पर ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना। वही सैकडो निर्धन असहाय परिवारों को राशन भी वितरी किया। पूर्व दर्जा राज्य मंत्री खजान गुड्डू ने कहा कि कोविड से कही परिवार प्रभावित हो गये है। कई लोगों की रोजी रोटी छीन गयी है। सरकार के द्वारा उनकी सुध नही ली जा रही है। लांकडाउन के कारण क्षेत्र के हजारों लोग रोजगार बंद होने पर घरों को लौट कर आये है। लेकिन सरकार के द्वारा उनके रोजगार के लिए कोई योजना तैयार नही की जा रही है। सिर्फ प्रदेश में भाजपा सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री बदलने का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से परेशान हो चुकी है वह २०२२ का इंतजार कर रही है। जिसमें जनता सत्ता से बाहर करेगी। पूर्व दर्जा मंत्री खजान गड्डू ने कहा कि गंगोलीहाट क्षेत्र की समस्याओं को लेकर शीघ्र आन्दोलन शुरू किया जायेगा।इस मौके पर हिमांशु आगरी,रमेश राम,धर्मेन्द्र महरा,भगवान सिंह,राजेन्द्र कुमार,रमेश चंद,केशव दत्त,उमेद सिंह,गोपाल धानिक,दीपक उप्रेती,पंकज भंडारी सहित आदि मौजूद थे।

# वीकएंड पर पर्यटक स्थलों में कोविड नियमों की अनदेखी पड़ेगी भारी

हमारे संवाददाता

देहरादून। पर्यटक स्थल मसूरी एवं सहस्त्रधारा में कोविड-19 के नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ दून पुलिस ने वीकेंड के लिये कार्ययोजना तैयार कर ली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा इस सम्बन्ध में दिशा निर्देश जारी कर कार्यवाही करने को कहा गया है।

बता दें कि वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा कोविड-19 संक्रमण के दौरान कई व्यवसायिक व पर्यटन से जुडी गतिविधियों में छूट प्रदान की गयी है, जिसके दृष्टिगत जनपद देहरादून के पर्यटक स्थलों मसूरी व अन्य क्षेत्रों में वीकेंड पर पर्यटकों की बढती भीड के कारण संक्रमण के फैलने की सम्भावना बनी हुई है। जिसे देखते हुए आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा पुलिस कार्यालय देहरादून में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कोविड-19 संक्रमण को फैलने से रोकने तथा लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से उपस्थित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किये गये है। जिसमें अब वीकेंड पर मसूरी क्षेत्र में बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिये कुठाल गेट तथा किमाडी क्षेत्र में बैरियर लगाकर प्रभावी चौकिंग सुनिश्चित की जायेगी तथा केवल उन्ही व्यक्तियों को जिनके पास उनके आर.टी.पी. सी. आर. टेस्ट की निगेटिव रिपोर्ट, स्मार्ट सिटी पोर्टल में रजिस्ट्रेशन तथा होटल बुकिंग सम्बन्धी दस्तावेज उपलब्ध होगें, प्रवेश करने दिया जायेगा। वीकेंड पर मसूरी क्षेत्र के पर्यटक स्थलों, कम्पनी गार्डन, माल रोड व अन्य स्थानों पर पुलिस बल नियुक्त रहेगा तथा उक्त पर्यटक स्थलों पर निर्धारित क्षमता से 50 प्रतिशत व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। स्थानीय पुलिस, नगर पालिका मसूरी के



साथ मिलकर अतिक्रमण के विरूद्ध संयुक्त अभियान चलायेगी तथा सार्वजनिक स्थानों पर से अवैध अतिक्रमण को हटाया जायेगा। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से वायस रिकार्डेड मैसेज के जरिये लोगों

### ❑दून पुलिस ने की कार्ययोजना तैयार


को कोरोना संक्रमण के प्रति जागरूक किया जायेगा तथा लोगों को सार्वजनिक स्थलों पर कोरोना संक्रमण से बचाव के नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया जायेगा। मसूरी स्थित होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की जायेगी तथा उन्हें कोरोना गाइडलाइन के अनुरूप ही होटल बुकिंग के समय लोगो को आवश्यक जानकारी देने हेतु निर्देशित किया जायेगा।

वीकेंड पर सहस्त्रधारा पर्यटक स्थल पर भीड नियंत्रण हेतु बैरियर स्थापित किये जायेंगे तथा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उक्त पर्यटक स्थल पर पर्यटकों द्वारा कोरोना गाइडलाइन के अनुरूप ही व्यवहार किया जा रहा है। जनपद के प्रवेश व अन्य मार्गों पर फ्लैक्सी व बैनरों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जायेगा। वीकेंड पर मसूरी व अन्य पर्यटक स्थलों पर पुलिस बल की मौजूदगी को बढाया जायेगा तथा वीकेंड पर अधिकतम पुलिस बल को ड्यूटी हेतु नियुक्त किया जायेगा।

## कच्ची शराब तस्कर दबोचा, पांच लीटर बरामद

हमारे संवाददाता

देहरादून। तीर्थनगरी ऋषिकेश में कच्ची शराब तस्करी कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने आज सुबह पांच लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरणों सहित गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार आज सुबह कोतवाली ऋषिकेश पुलिस को सूचना मिली कि श्यामपुर विस्थापित कालोनी में एक व्यक्ति कच्ची शराब का कारोबार कर रहा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये स्थान पर दबिश देकर एक आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने उसके पास से पांच लीटर कच्ची शराब व कच्ची शराब बनाने के उपकरण भी बरामद किये है। कोतवाली लाकर की गयी पूछताछ में उसने अपना नाम राम लड़ैत पुत्र गजराज सिंह निवासी ग्राम नवदिया थाना फरीदपुर जिला बरेली उत्तर प्रदेश हाल निवासी ब्लॉक सी श्यामपुर विस्थापित ऋषिकेश बताया। पुलिस ने उसे आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।



उत नो ब्रह्मन्नविष उक्थेषु देवहूतमः।
शं नः शोचा मरुद्वृधोऽग्ने सहस्रसातमः।।

(ऋग्वेद ३—१३—६)

हे अग्नि स्वरूप परमेश्वर ! आप हजारों प्रकार से अपना आशीर्वाद प्रदान करते हैं। आपकी कृपा से हमें ज्ञान की प्राप्ति हो। आपका आशीर्वाद हमारे ऊपर दिव्यता प्राप्त करने में हो। आपकी कृपा हमारे ऊपर उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु प्राप्त करने में हो।

O God ! You are the provider of blessings by thousands of ways. May your blessings be in acquiring knowledge. May your blessings be upon us in attaining divinity. May we be blessed with good health and longevity.

(Rig Veda 3-13-6)

## स्थाई शिक्षकों के पदों पर कैंची चलाकर झूठी वाहवाही लूट रही है सरकारः दसौनी

नगर संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी का कहना है कि धामी कैबिनेट की पहली बैठक में एक ही झटके में करीब तीन हजार अतिथि शिक्षकों को तो तोहफा दिया मगर साथ ही करीब तीन हजार स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति की राह ही बंद कर डाली।

यहां जारी एक बयान में दसौनी ने कहा कि कैबिनेट ने अतिथि शिक्षकों का मानदेय 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपये प्रतिमाह करने का फैसला लिया है। इसमें अभी भी संशय बना हुआ है कि आखिर यह बढ़ा हुआ मानदेय किस् मद से दिया जाएगा क्योंकि बजट आवंटन तो पहले ही हो चुका है। दसौनी ने कहा कि एक तरफ तो सरकार द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों में लगभग 22340 हजार खाली पदों और अनुसूचित जाति और जनजाति के वैकलॉग के रिक्तियों सहित सभी खाली पदों पर भर्ती करने का फैसला लिया गया है। दसौनी ने कहा कि अतिथि शिक्षकों को महज यह फायदा होगा कि उनके सिर से स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति होने पर नौकरी जाने का खतरा नहीं मंडराएगा। हालांकि वे अस्थायी ही रहेंगे। दसौनी ने राज्य सरकार पर इल्जाम लगाया की एक तरफ तो राज्य सरकार रोजगार सृजन की बड़ी बड़ी बातें कर रही है वहीं दूसरी ओर ठेका प्रथा को बढ़ावा दे रही है। दसौनी ने कहा जिस तरह से प्रदेश के 3000 स्थाई शिक्षकों के पदों पर सरकार ने कैंची चलायी है। वह अपने आप में निंदनीय है। सभी राज्य बढ़-चढ़कर अपने प्रदेशों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए शिक्षकों की नियुक्ति का प्रयास कर रहे हैं और वही उत्तराखंड सरकार शिक्षकों के पदों को निगलने का काम कर रही है।

# सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लें लाभः धामी



नगर संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित जनता दर्शन हॉल में जन समस्याओं को सुना। लोगों ने सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता से संबंधित समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखी।

**❑सीएम ने जनता दर्शन हॉल में सुनीं जनसमस्याएं**

**❑दीर्घावधि के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित निदान के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें। मुख्यमंत्री ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण के निर्देश अधि कारियों को दिए। दीर्घावधि के कार्यों में भी उन्होंने तेजी लाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जन समस्याओं के समाधान के साथ ही रोजगार, महिला सशक्तिकरण एवं उत्तराखंड के ग्रामीण विकास पर भी राज्य सरकार का विशेष फोकस है।

# आईटीबीपी जवानों को बांटी आयुष रक्षा किट



संवाददाता

उत्तरकाशी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व गंगा विचार मंच के प्रदेश संयोजक लोकेन्द्र सिंह बिष्ट ने मातली आईटीबीपी कैंप में आज उत्तराखंड आयुष विभाग की ओर से आयुष रक्षा किट बांटी।

इस दौरान 12वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंट निहाल सिंह भंडारी के नेतृत्व में बटालियन के डॉक्टर अजय राजपूत ने जवानों को आयुष रक्षा किट की विशेषता बताई। प्रभारी आरोग्य केंद्र उत्तरकाशी डा. जयकिशन चंदोक ने 300 आयुष रक्षा किट उपलब्ध कराए जिनको बीजेपी नेता लोकेन्द्र सिंह बिष्ट ने आज उत्तरकाशी जिले के मातली में भारत तिब्बत सीमा पुलिस के 300 जवानों को आयुष रक्षा किट बांटे।

आयुष रक्षा किट बांटने में बटालियन के डिप्टी कमांडेंट निहाल सिंह भंडारी, असिस्टेंट कमांडेंट संतोष, असिस्टेंट कमांडेंट प्रकाश चंद्र, असिस्टेंट कमांडेंट कमलेश कुमार, प्रवक्ता राजेन्द्र रांगड़, गजेंद्र सिंह बिष्ट ने संयुक्त रूप से जवानों को आयुष रक्षा किट बांटी।

## भाजपा का चुनावी जुमला है फ्री बिजली...

जाहिर होता है कि भाजपा सरकार बिजली के मुद्दे पर जनता को भरमा रही है व जुमलेबाजी कर रही है। भाजपा कभी भी जनता को मुफ्त बिजली देने के हक में नहीं रही, जिसे आज मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के बयान ने फिर से साबित कर दिया है।

रविंद्र जुगरान ने कहा, आज उत्तराखंड में लोग महंगी बिजली को लेकर परेशान हैं, जनता त्राहि-त्राहि कर रही है, लोगों को गलत, बढ़े हुए बिल थमाए जा रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार लोगों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उनके साथ मुफ्त बिजली का जुमला फेंक कर छलावा कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में सरकार की नीयत में ही खोट है, जिसका प्रमाण यह है कि सरकार ने उन अधिकारियों को मुफ्त बिजली की योजना बनाने के लिए कहा है जो साढ़े चार साल से जनता पर महंगी बिजली का बोझ डाले हुए हैं। बीजेपी सरकार द्वारा जुमले के जरिए उत्तराखंड की जनता को धोखा देने पर सीएम आवास का घेराव करते हुए जुमलेबाजी की इस सरकार को चेताएगी।

# महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित



संवाददाता

अल्मोड़ा। मुख्य विकास अधिकारी नवनीत पाण्डे ने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की सम्बन्धित अधिकारियों के साथ विकास भवन में समीक्षा बैठक की। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजना च्बेटी पढ़ाओं बेटी बचाओच्च् के अन्तर्गत होने वाले वित्तीय वर्ष २०२१-२२ हेतु जिला स्तरीय कार्य योजना के विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा करते हुये कहा कि वार्षिक योजना तैयार करते हुए कार्यों को प्राथमिकता दी जाय। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग व बाल विकास विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुये संचालित योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करना सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि हमें बच्चों के लिये रोजगार के नये अवसर तलाशने होंगे साथ ही बच्चों को नवाचार गतिविधियो के माध्यम से जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि जनपद के किशोरी सदन, बाल गृह में रह रहे बच्चों को मशरूम उत्पादन व अन्य रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जाय। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद के सभी विकास खण्डों में वॉल पेटिंग के माध्यम से लोगो को जागरूक किया जाय। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद के १० बालक एवं १० बालिकायें जो जिले के टॉपर होते है उन्हें सम्मानित किये जाने हेतु सम्बन्धित विभाग को धनराशि आवंटित कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि योजना के अन्तर्गत विभिन्न मदो में प्राप्त धनराशि को सम्बन्धित विभाग तय समय के अनुसार व्यय करना सुनिश्चित करें। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन आदि योजनाओं की भी समीक्षा करते हुए योजनाओं का लाभ पात्र महिलाओं तक पहुॅचाने के निर्देश दिये।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही वात्सल्य योजना के बारे में जिला समाज कल्याण अधिकारी से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिये कि प्राप्त आवेदन पत्रों में जो भी औचारिकतायें पूर्ण की जानी है उन्हें ०१ सप्ताह के भीतर निस्तारित कर दिया जाय। उन्होंने बताया कि शासनादेश के अनुसार ०१ मार्च, २०२० से ३१ मार्च, २०२२ की अवधि तक कोविड-१६ महामारी एवं अन्य बीमारियों से पिता/माता/संरक्षक की मृत्यु के कारण जन्म से २१ वर्ष तक के प्रभावित बच्चों को इस योजना में आच्छादित किया गया है।

उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी व समिति के सदस्यों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत इस बात का प्रचार-प्रसार करे की कोविड या अन्य बीमारी के कारण अगर किसी की मृत्यु हुई हो तो वे तहसील स्तर पर आवदेन कर करते है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्राप्त आवेदन पत्रों में जो कमियॉ प्राप्त हो रही है उन्हें आवदेनकर्ता को अवगत कराते हुये आवदेन पत्रों को स्वराज पोर्टल में अपलोड किया जाय ताकि पात्र लोगों का इस योजना का लाभ समय से मिल सके।

बैठक में मुख्य शिक्षाधिकारी एच०बी० चंद, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीताम्बर प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा० दीपांकर डेनियल, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति के एडवोकेट प्रशान्त जोशी, सदस्य अर्चना कोठरी, रेखा साह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कविता जोशी, महिला कल्याण अधिकारी आफरीन जहां, विद्या कर्नाटक, अभिलाषा तिवारी, हिमांशु मस्यूनी बाल विकास विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले एक व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज

हमारे संवाददाता

देहरादून। शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज पीड़ित महिला द्वारा थाना क्लेमनटाउन में तहरीर देकर बताया गया कि रोहित नंदन नाम के एक व्यक्ति से उसकी कुछ समय पूर्व जान पहचान हुई थी। जिसके बाद रोहित द्वारा बार-बार उससे सम्पर्क किया गया। जिसके बाद रोहित ने उसे शादी का झांसा दिया और उसके साथ अनैतिक सम्बन्ध बनाये। पीड़िता का कहना है कि कुछ समय पूर्व उसे पता चला कि रोहित नंदन शादी शुदा है और उसकी पत्नी भी है। जिस पर उसने खुद का ठगा महसूस किया और थाने आकर रोहित के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। बहरहाल पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी रोहित के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।।

# जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन एवं निपटान के लिए उचित प्रबंधन करने के संबंध में बैठक आयोजित



संवाददाता

बागेश्वर। जिला कार्यालय सभाकक्ष में जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन एवं निपटान के लिए उचित प्रबंधन करने के संबंध में अपर जिलाधिकारी चन्द्र सिंह इमलाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मानीटडरग समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें चिकित्सा विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिये कि जनपद के चिकित्सालयों से निकलने वाले जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। इसके लिए उन्होंने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० वीके सैक्सेना को निर्देश दियें कि चिकित्सालयों से निकलने वाले जैव चिकित्सा अपशिष्ट के निस्तारण की उचित व्सवस्था की जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि चिकित्सालयो से जो भी प्लास्टिक इत्यादि अपशिष्ट निकलता है उसके उठाने की समुचित व्यवस्था नगर पालिका द्वारा की जाय। बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जनपद के विभिन्न चिकित्सालयों से निकलने वाले जैव चिकित्सा अपशिष्ट के बेहत प्रबंधन हेतु जमीन की आवश्यकता होगी, यदि जिला चिकित्सालय को ब्लॉक बागेश्वर या गरूड में सडक किनारे भूमि उपलब्ध हो जाती है, तो इसका निस्तारण के लिए उचित व्यवस्था करायी जा सकती है, जिससे कि निकलने वाले जैव चिकित्सा अपशिष्ट को अलग-अलग गड्ढे बनाकर उनमें निस्तारित किया जाय सके। जिस पर अपर जिलाधिकारी द्वारा जमीन उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होने सभी शासकीय एवं गैर शासकीय अस्पतालों में जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन एवं निपटान के तहत प्रावधानों का अनिवार्य रूप से पालन कर आवश्यक व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

बैठक में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ० मुन्ना लाल, वसुन्धरा पंत, अनुश्रवण सहायक प्रदूषण पीबी जोशी, वैज्ञानिक सहायक आयूष नेगी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जनता को एक रुपये में पेयजल कनेक्शन दे सरकार: गौड़

नगर संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस सेवा दल के महानगर प्रभारी पीयूष गौड़ का कहना है कि प्रदेश की जनता को पेयजल उपलब्ध कराना सरकार का दायित्व है लेकिन सरकार अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने से कतरा रही है।

पीयूष गौड़ ने कैंट बोर्ड क्लेमेंटाउन द्वारा पानी के कनेक्शन के नाम पर लिए जा रहे 8620 रूपये सरकारी लूट बताया। गौड़ ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा सभी ग्रामीण व मलिन बस्तियों में एक रुपए में पेयजल कनेक्शन देने की बात कही थी। जिसे अभी तक विभाग द्वारा अमल में नहीं लाया गया है। सभी जनता को पेयजल मुहैया कराना सरकार की जिम्मेदारी है और जो सरकार अपनी जनता को पीने योग्य पानी भी उपलब्ध नहीं करा सकती ऐसी सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।



गौड़ ने कहा कि कैंट बोर्ड क्लेमनटाउन से मांग है कि नए कनेक्शन में सिक्योरिटी के नाम पर पांच हजार और डेवलपमेंट चार्ज के नाम पर 1500 से 4500 रुपए तक जनता से ले रहा है। उपभोक्ता को को कैंट बोर्ड प्रशासन चाहे तो सिक्योरिटी रकम को हटा कर राहत पहुंचा सकते हैं जो न्यायोचित भी होगा क्योंकि ये सिक्योरिटी भविष्य में जनता के काम नहीं आती है। मांग की है कि सभी ग्रामीण व मलिन बस्तियों में पूर्व मुख्य मंत्री की घोषणा एक रुपए में पेयजल कनेक्शन शीघ्र लागू की जाए।

# सीएम आवास घेराव के लिए ड्रेस में आएंगे सेवा दल के कार्यकर्ता

नगर संवाददाता

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष राजेश रस्तोगी के अनुसार 10 जुलाई को सीएम आवास घेराव के दौरान दल के सभी कार्यकर्ता पूर्ण ड्रेस में मौजूद रहेंगे। रस्तोगी ने बताया कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में जन समस्याओं के समाधान हेतु 10 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम में कांग्रेस सेवा दल के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूर्ण ड्रेस में शामिल होंगे।

# शराब तस्करी के आरोप में महिला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

## ●स्मैक तस्करी में आरोपी महिला को भेजा जेल

हमारे संवादाता

देहरादून। राजधानी दून में फैले नशे के कारोबार में अब महिलाओं की भी भागीदारी नजर आने लगी है। पुलिस ने देर रात अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दो महिलाओं को गिरफ्तार कर उनके पास से देशी शराब व स्मैक बरामद करने का दावा किया है। आरोपी महिलाओं में से एक हिस्ट्रीशीटर बतायी जा रही है। जबकि दूसरी महिला नशा कारोबार में कई बार जेल की हवा खा चुकी है।



जानकारी के अनुसार कल देर शाम पटेलनगर कोतवाली पुलिस गश्त पर थी। इस दौरान जब पुलिस ब्रहमपुरी लोहियानगर पहुंची तो उसे वहां एक महिला संदिग्ध अवस्था में घूमती हुई दिखायी दी।

पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 52 पव्वे देशी शराब बरामद हुई। बताया जा रहा है कि शराब तस्करी में लिप्त महिला उषा देवी पत्नी महेन्द्र सिंह पटेलनगर कोतवाली की हिस्ट्रीशीटर है जिस पर पहले भी कई मुकदमें दर्ज है।

बहरहाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। वहीं विकासनगर कोतवाली पुलिस ने भी कल देर शाम क्षेत्र की एक महिला को चैकिंग के दौरान 10 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार की गयी महिला सलमा पत्नी स्व. यासीन निवासी डाकपत्थर शातिर किस्म की नशा तस्कर है जो पहले भी नशा तस्करी के आरोपो में जेल की हवा खा चुकी है।

# हरे धनिये की पत्तियों के10 बेहतरीन फायदे

हरे धनिये की पत्तियों का इस्तेमाल अक्सर सब्जियों के स्वाद और सलाद के लिए किया जाता है, वहीं हरी चटनी पकौड़े के स्वाद को दोगुना कर देती है। लेकिन इसी के साथ ही धनिया पत्तियों के कई फायदे हैं जिसके बारे में शायद ही आपको पता हो। इसमें मौजूद विटामिन ए, विटामिन सी, कैल्शियम व मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, जो आपके स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। तो आइए जानते हैं हरे धनिया पत्ती के फायदों के बारे में....



- धनिये की पत्तियों में विटामिन ए और सी पाया जाता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का काम करते हैं।

- गर्मी हो सर्दी, इसका इस्तेमाल करना हर समय शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाता है।

- पाचन शक्ति को मजबूत रखना है तो इसका इस्तेमाल आपको नियमित तौर पर करना चाहिए। इससे आपकी पाचन शक्ति बढ़ती है।

- धनिये की पत्तियों के सेवन से पेट संबंधी परेशानियों में आराम मिलता है और बदहजमी, पेट में दर्द, गैस की समस्या से छुटकारा मिलता है।

- जाड़े में खाने की मात्रा अधिक होने पर दस्त की शिकायत बढ़ने लगती है। ऐसे में धनिये की चटनी व सलाद पेट को राहत पहुंचाती है।

- धनिया की पत्ती विटामिन ए और सी का मुख्य स्त्रोत है। ये हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधी क्षमता को मजबूत करते हैं।

- इसके नियमित सेवन से सर्दी-खांसी से छुटकारा मिलता है।

- धनिया में मौजूद तत्व शरीर से कॉलेस्ट्रॉल कम कर उसे कंट्रोल में रखते हैं। यह खून में इंसुलिन की मात्रा को नियमित करता है।

- धनिया महिलाओं में मासिक धर्म संबंधी समस्याओं को दूर करता है। अगर पीरियड्स साधारण से ज्यादा हो तो आधा लीटर पानी में लगभग 6 ग्राम धनिये के बीज डालकर उबालें। इस पानी में चीनी डालकर पीने से फायदा होगा।

# घुटनों और कोहनियों के ब्लैकहेड्स से छुटकारा पाने के लिए करें ये उपाय

हम सभी अपनी त्वचा का खास ख्याल रखते हैं। हम अपनी त्वचा को खूबसूरत और चमकदार बनाने के लिए कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, हम हाथों के कोनों और पैरों के घुटनों को नजरअंदाज कर देते हैं। इससे त्वचा का रंग गहरा और मोटा हो जाता है। जिस तरह हम त्वचा पर ध्यान देते हैं, उसी तरह हाथों के कोनों और पैरों के घुटनों पर भी ध्यान देना चाहिए। जो आपकी त्वचा को खूबसूरत बनाने में मदद करता है।

नींबू-नींबू में प्राकृतिक ब्लीचिंग गुण होते हैं। जो स्किन टोन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। नींबू के रस को घुटनों पर लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें और 10 मिनट के लिए भी छोड़ दें। फिर गुनगुने पानी से धो लें। ऐसा हफ्ते में तीन से चार बार करने से काले धब्बे कम हो जाते हैं।

दही-दही को मॉइस्चराइजर के रूप में जाना जाता है। दही में एक चम्मच सिरका और बेसन मिलाकर कालापन कम करने के लिए। इस मिश्रण को अच्छे से लगाएं और 15 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें। यह कोहनी और घुटनों को साफ करने में मदद कर सकता है।

बेकिंग सोडा-दूध में बेकिंग सोडा मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें. पेस्ट को अपनी कोहनी और घुटनों पर लगाएं और पांच मिनट बाद धो लें। इस पेस्ट को आप हफ्ते में एक बार जरूर लगाएं। यह घुटने की त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करता है।

जैतून का तेल-दो चम्मच जैतून का तेल और दो चम्मच चीनी मिलाकर इस मिश्रण को घुटनों पर लगाएं। इसके बाद उसे कुछ देर स्क्रब करना चाहिए। पेस्ट को घुटनों पर पांच मिनट के लिए लगाएं और फिर धो लें। इससे आपकी कोहनी और घुटनों का कालापन दूर होता है।

एलोवेरा जेल-एलोवेरा जेल त्वचा की कई समस्याओं के लिए फायदेमंद होता है। कालापन दूर करने के लिए एक कप गर्म पानी में एक चम्मच एलोवेरा जेल मिलाएं। फिर इसे गर्दन, कोहनी, घुटनों पर लगाएं। इसे आप कॉटन की मदद से लगा सकते हैं। 20 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें।

## शब्द सामर्थ्य -134


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 133 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

# श्रीजीत मुखर्जी डायरेक्ट करेंगे तापसी पन्नू की 'शाबाश मिठ्ठू'

तापसी पन्नू की फिल्म शाबाश मिठ्ठू का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. इस फिल्म को पहले राहुल ढोलकिया डायरेक्ट करने वाले थे लेकिन अब उन्होंने इस फिल्म को छोड़ दिया है जिसके बाद में उन्होंने स्टेटमेंट जारी करके जानकारी दी है. शाबाश मिठ्ठू महिला क्रिकेटर मिताली राज की बायोपिक है जिसे अब श्रीजीत मुखर्जी डायरेक्ट करेंगे.

राहुल ने अपने स्टेटमेंट में बताया है कि आखिर उन्होंने इस फिल्म को क्यों छोड़ा है. उन्होंने कहा- कुछ फिल्में होती हैं जिन्हें आप करना चाहते हैं. शाबाश मिठ्ठू वो फिल्म थी. जब मैंने फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी थी तो मैंने फैसला लिया था कि ये फिल्म मुझे करनी थी. यह डेढ़ साल पहले की बात है. दुभाग्यवश मुझे ये जर्नी नवंबर 2019 में शुरू करनी थी. मैं प्रिया एवन द्वारा लिखित और अजीत अंधारे द्वारा सोची कहानी को डायरेक्ट नहीं कर पाउंगा.

राहुल ने आगे कहा- इस फिल्म से जुड़ी मेरी कई खास यादें हैं. जिन्हें याद कर इस नोट को दिखते समय मैं इमोशनल हो गया. यह फिल्म हमेशा से पैशन के बारे में थी. मिताली राज के पैशन के बारे में, जो बेहतरीन इंडियन वुमेन क्रिकेटर हैं, उनकी कहानी जिसे हम बताने की कोशिश कर रहे थे. स्टूडियो हेड अजीत के पैशन की जो कोविड और लॉकडाउन में हमारे साथ डिसकशन के लिए बैठा करते थे. प्रिया जैसी राइटर के जिसने क्रिकेट और इमोशन के बीच संतुलन बिठाया. तापसी पन्नू के पैशन जिन्होंने क्रिकेट खेलना सीखा. उनके साथ शूटिंग करना शानदार था. टीम के हर मेंबर, एक्टर, प्लेयर का पैशन जो अपने सपने को पूरा करने की कोशिश कर रहा था. दुर्भाग्यवश अब मैं इस सपने का हिस्सा नहीं बन पाउंगा लेकिन मैं हमेशा उनके सपने के लिए उनके साथ रहूंगा. कोविड से सभी के शेड्यूल को खराब कर दिया. मेरा कुछ अलग नहीं है. अजीत का फिल्म को प्लान है और इसे कैसे रिलीज करें. मैं उन्हें और टीम को शुभकामनाएं देता हूं. श्रीजीत मुखर्जी की बात करें तो उन्होंने विद्या बालन की फिल्म बेगम जान को डायरेक्ट किया था. वह कई बंगाली फिल्मों को डायरेक्टर कर चुके हैं.

# फिर से योगा करके खुश हैं टीवी एक्ट्रेस पूजा बनर्जी

'कुमकुम भाग्य' फेम एक्ट्रेस पूजा बनर्जी ने बताया उन्होंने 2019 में एक बड़ी दुर्घटना से उबरने के बाद फिर से योग करना शुरू कर दिया है।

पूजा ने हादसे को याद करते हुए कहा, मैं कुछ साल पहले एक रियलिटी शो के सेट पर हादसे का शिकार हो गई थी। इस घटना के कारण मेरी दोनों बाहों में कई फ्रैक्च र हो गए थे। जिसके बाद मुझे एक सर्जरी करानी पड़ी। डॉक्टर्स ने मेरे हाथों में दो रॉड और आठ पेंच लगाए।


सर्जरी के बाद उन्होंने अपनी लाइफ को लेकर खुलासा किया, सर्जरी के बाद, मुझे इतना दर्द हो रहा था कि मुझे लगा कि मैं कभी भी सामान्य स्थिति में वापस नहीं आ पाऊंगी और अपने हाथों का सही इस्तेमाल नहीं कर पाऊंगी। मैं चीजों को उठा या पकड़ नही पा रही थी। मैं कसरत नहीं कर सकती थी या बहुत सी चीजें जो मुझे पसंद थीं। वो समय बहुत डिफिकल था, लेकिन मैंने खुद को प्रेरित किया और धीरे धीरे लगातार काम करते करते मैं ठीक हो गई।

पूजा ने आखिरकार योग फिर से शुरू कर दिया है और उनका कहना है कि योगा शांति और ऊर्जा का स्रोत है। पूजा कहती हैं कि ठीक होने के बाद उनका कॉन्फिडेंस भी वापस आ गया है। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैंने अपने शरीर में आत्मविश्वास विकसित किया है, जिसे मैंने दुर्घटना के बाद थोड़ा खो दिया था। यह निश्चित रूप से एक जबरदस्त यात्रा रही है, लेकिन यह कहने के बाद, मैं आभारी हूं, और मैं बस खुद का सबसे अच्छा संस्करण बनना चाहता हूं। मैं निश्चित रूप से जितना हो सके खुद को आगे बढ़ाऊंगी।

# ऐसी भूमिकाएं नहीं चाहती जिनमें स्क्रीन पर बूढ़ी दिखूं:पिया वलेचा

बहू हमारी रजनी कांत और दिल्ली वाली ठाकुर गुर्ल्स जैसे धारावाहिकों में नजर आ चुकीं अभिनेत्री पिया वलेचा का कहना है कि वह काम पर लौटना पसंद करेंगी, लेकिन वह ऐसे किरदारों की तलाश में हैं जो उनकी उम्र के अनुकूल हों। वह कहती हैं कि छोटे पर्दे पर अक्सर अभिनेत्री टाइपकास्ट होते हैं और वह अपने द्वारा की जाने वाली भूमिकाओं के बारे में बहुत खास होना चाहती हैं। उन्होंने कहा, मैं ऐसी भूमिकाएं नहीं करना चाहती जिसके लिए मुझे स्क्रीन पर उम्रदराज दिखने की जरूरत हो। मैं ऐसे किरदार निभाना चाहती हूं जो मेरी उम्र के अनुकुल हों। मैं समझती हूं कि एक अभिनेत्री के रूप में, सभी भूमिकाएं चुनौतीपूर्ण हो सकती हैं। लेकिन हमारे टीवी इंडस्ट्री में टाइपकास्टिंग की संस्कृति मौजूद है, इसलिए अगर एक बार मेरी उम्रदराज रोल के साथ स्क्रीन पर आ गई, तो मेरी वास्तविक उम्र की भूमिकाएं मिलना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि आजकल वेब शो वास्तव में पसंद किए जा रहे हैं। मंच कई प्रतिभाशाली टीवी अभिनेताओं को काम दे रहे हैं। यह बॉलीवुड और टेलीविजन जितना ही महत्वपूर्ण है। इसलिए, मैं आगे एक वेब शो लेने के लिए भी उत्सुक हूं।

# टाइगर श्रॉफ ने फोटोशूट में दिखाए सिक्स पैक एब्स



बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं. वह अपने फैंस के लिए मजेदार पोस्ट शेयर करते रहते हैं. टाइगर के वर्कआउट वाले पोस्ट उनके फैंस को बहुत पसंद आते हैं. फैंस अक्सर उनसे उनकी फिटनेस का राज पूछते रहते हैं. टाइगर ने आज अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीर शेयर की है जिसे देखकर फैंस हैरान रह गए हैं.

टाइगर ने डब्बू रतनानी के कैलेंडर के लिए फोटोशूट करवाया है. जिसकी तस्वीर उन्होंने शेयर की है. इस ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर में टाइगर हवा में हाथ फैलाए पोज करते नजर आ रहे हैं. फोटो में टाइगर की शर्ट के बटन खुले हुए हैं और उनके सिक्स पैक एब्स नजर आ रहे हैं. टाइगर की इस तस्वीर से उनके फैंस नजर नहीं हटा पा रहे हैं.

टाइगर ने फोटो शेयर करते हुए लिखा-डब्बू रतनानी ने मानसून से पहले ही बारिश बना दी. इस फन शूट के लिए शुक्रिया. टाइगर की इस फोटो पर कई सेलेब्स ने कमेंट किए हैं. हिमेश रेशमिया ने कमेंट किया- वाओ.. वहीं डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने हार्ट और फायर इमोजी पोस्ट की. इस तस्वीर को अब तक 4 लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं.

आपको बता दें टाइगर से पहले आलिया भट्ट, विक्की कौशल, विद्या बालन, कियारा आडवाणी, अभिषेक बच्चन, सनी लियोनी सहित कई सेलेब्स डब्बू रतनानी के इस साल के कैलैंडर शूट का हिस्सा बने हैं. वह सोशल मीडिया पर फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर रहे हैं. यह फोटोज पोस्ट होते ही वायरल हो जाती हैं. टाइगर श्रॉफ कुछ समय पहले अपनी खास दोस्त दिशा पाटनी के साथ वेकेशन पर मालदीव गए थे

# लक्ष्मी के बाद फिल्म में प्रोड्यूसर व एक्टर की भूमिका में दिखेंगे तुषार कपूर

तुषार कपूर फिल्म जगत के जाने-माने कलाकार हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अपनी जबरदस्त कॉमेडी से दर्शकों का मनोरंजन किया है। एक्टिंग के अलावा फिल्म निर्माण के क्षेत्र में भी उन्होंने अपनी किस्मत अजमायी है। पिछले साल आई अक्षय कुमार की फिल्म लक्ष्मी से तुषार ने फिल्म प्रोडक्शन के क्षेत्र में कदम रखा था। खबरों की मानें तो लक्ष्मी के बाद तुषार अपनी अगली फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे। वह फिल्म में अभिनय करते भी नजर आ सकते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, तुषार अपनी अगली फिल्म का जल्द ऐलान कर सकते हैं, जिसका निर्माण वह खुद करेंगे। खबरों की मानें तो इस फिल्म में प्रोड्यूसर के साथ-साथ वह एक्टर की दोहरी भूमिका में नजर आ सकते हैं। एक सूत्र ने कहा, तुषार अपने एक प्रोजेक्ट को अंतिम रूप देने में लगे हैं। सभी डिटेल्स के आने के बाद वह आने वाले कुछ सप्ताह में वह इसका आधिकारिक ऐलान करेंगे।

सूत्र ने आगे बताया कि अभी फिल्म के बारे में किसी तरह का कयास लगाना जल्दबाजी होगा। बताया जा रहा है कि तुषार की इस फिल्म का सह-निर्माण शबीना खान करेंगी। फिल्म से संबंधित विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

अक्षय अभिनीत फिल्म लक्ष्मी पिछले साल नवंबर में ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। यह हॉरर कॉमेडी फिल्म थी, जिसका निर्देशन राघव लॉरेंस ने किया था। इस फिल्म में कियारा आडवाणी, अश्विनी कलसेकर, राजेश शर्मा, आयशा रजा, मनु ऋषि और शरद केलकर जैसे कलाकार नजर आए थे। यह फिल्म तमिल फिल्म कंचना की हिन्दी रीमेक है। तुषार ने इस फिल्म से प्रोड्यूसर के रूप में डेब्यू किया था।

तुषार के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह कई फिल्मों में नजर आएंगे। वह फिल्म मरीच के साथ दर्शकों के बीच हाजिर होंगे। इस फिल्म में वह पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं।

वह निर्देशक रोहित शेट्टी की सुपरहिट फ्रेंचाइजी गोलमाल के पांचवें पार्ट गोलमाल 5 में भी अहम भूमिका निभाएंगे। उन्हें गोलमाल, क्या कूल हैं हम, शूटआउट एट लोखंडवाला, ढोल, गोलमाल रिटर्न्स और गोलमाल 3 जैसी कई फिल्मों में देखा जा चुका है।

# प्रतीक गांधी के साथ रोमांस कर सकती हैं विद्या बालन



विद्या बालन बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्रियों में शुमार हैं। शेरनी के जरिए उन्होंने फिर यह साबित कर दिया है कि वह अपने दम पर फिल्म हिट करने का माद्दा रखती हैं। पिछले कुछ समय से चर्चा है कि विद्या एक बार फिर फिल्म तुम्हारी सुलु के निर्माताओं के साथ काम करने वाली हैं। अब इस फिल्म में उनके हीरो का नाम भी सामने आ गया है। आइए जानते हैं फिल्म में किस अभिनेता के नाम पर हो रही है चर्चा। रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म में विद्या के साथ अभिनेता प्रतीक गांधी को साइन किया गया है। यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें विद्या पहली बार पर्दे पर प्रतीक के साथ इश्क फरमाती दिखेंगी। कहा जा रहा है कि यह एक ऐसी कहानी है, जो दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखी होगी।

रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में एक नहीं, बल्कि दो जोड़ियां नजर आएंगी। विद्या और प्रतीक की जोड़ी पर तो निर्माताओं की मुहर लग चुकी है, लेकिन दूसरी जोड़ी का चयन फिलहाल नहीं हुआ है। जल्द ही फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू होगा। बता दें कि इसके जरिए तनुज गर्ग निर्देशन की दुनिया में भी कदम रख रहे हैं। इस साल के अंत में मुंबई में फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। विद्या एक अन्य फिल्म को लेकर भी चर्चा में हैं। इसमें उनके साथ शेफाली शाह भी नजर आएंगी। उनकी इस फिल्म के निर्देशन की कमान भी सुरेश त्रिवेणी संभाल रहे हैं, जिन्होंने तुम्हारी सुलु का निर्देशन किया था। दूसरी तरफ फिल्म के प्रोड्यूसर हैं विक्रम मल्होत्रा, जो विद्या अभिनीत शेरनी के प्रोडक्शन का जिम्मा उठा चुके हैं। प्रतीक गांधी की बात करें तो वह गुजराती सिनेमा और रंगमंच का जाना-पहचाना नाम हैं। प्रतीक हिंदी, अंग्रेजी और कई गुजराती फिल्मों में काम कर चुके हैं, लेकिन वेब सीरीज स्कैम 1992- द हर्षद मेहता स्टोरी से उन्होंने एक खास मुकाम हासिल किया। यह सीरीज उनके करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुई थी। इन दिनों प्रतीक निर्देशक तिग्मांशु धूलिया की वेब सीरीज सिक्स सस्पेक्ट्स में काम कर रहे हैं। इसमें रिचा चड्ढा भी उनके साथ नजर आएंगी।

# डिजिटल इंडिया-जहां ज्ञान ही शक्ति है

अमिताभ कांत

मैं लगभग तीन दशक पूर्व, केरल के रमणीय ग्रामीण क्षेत्र में, पारंपरिक मत्स्य पालन क्षेत्र में काम कर रहा था। मछली के बाजार मूल्य का मात्र 20त्न प्राप्त करने वाले मछुआरों का मुनाफा बढ़ाने के लिए, हमने फाइबरग्लास क्राफ्ट और आउटबोर्ड मोटर जैसी नई तकनीक की शुरुआत की और यहां तक कि समुद्र तट स्तर की नीलामी भी शुरू की। हालांकि सबसे बड़ी चुनौती जो बनी रही, वह थी भुगतान को सुव्यवस्थित करने के लिए मछुआरों के लिए बैंक खाते खोलना। उन दिनों, हमें वास्तविक बैंकों का पता लगाकर एक भी खाता धारक को पंजीकृत करने में कम से कम दस महीने लगते थे। 'अपने ग्राहक को जानिए', एक विदेशी अवधारणा थी। 2021 तक आते-आते, आप एक बैंक शाखा में जा सकते हैं और ई-केवाईसी और बायोमेट्रिक्स के माध्यम से कुछ ही समय में एक बैंक खाता खोल सकते हैं। महीनों से मिनटों तक प्रतीक्षा समय को कम करते हुए, डिजिटल परिवर्तन ने वास्तव में एक महत्वपूर्ण बदलाव को सक्षम बनाया है।

डिजिटल इंडिया के छह साल पूरे होने पर, प्रधानमंत्री जी ने इसे सही मायने में भारत का टेकेड बताया है। तकनीकी प्रगति और इंटरनेट की तीव्र पहुंच ने पूरे भारत में एक बिलियन से अधिक नागरिकों को एक सामान्य वित्तीय, आर्थिक और डिजिटल इकोसिस्टम में एकीकृत कर दिया है। सबसे सस्ती डाटा दर और 700 मिलियन के करीब इंटरनेट उपयोगकर्ता के साथ हर 3 सेकेंड में एक नया भारतीय उपयोगकर्ता इंटरनेट से जुड़ता है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में सार्वजनिक निजी भागीदारी के माध्यम से सभी आवासीय गांवों के लिए आधिकारिक फाइबर कनेक्टिविटी के साथ 16 राज्यों में भारतनेट को कार्यान्वित करने की मंजूरी दी है। एक बिलियन से अधिक बायोमेट्रिक्स, एक बिलियन से अधिक मोबाइल और लगभग एक बिलियन बैंक खातों के साथ, हमने पूरी आबादी की मैपिंग करते हुए दुनिया में सबसे बड़ी पहचान प्रणाली का निर्माण किया है। अब तक, 1.29 बिलियन आधार आईडी बनाई गई है और 55.97 बिलियन का प्रमाणीकरण किया गया है। भारत के डिजिटलीकरण प्रयासों का मूल लक्ष्य सरकार और नागरिकों के बीच के फासले को कम करना रहा है।

एक भुगतान प्रणाली जो गुजरात के तट से लेकर उत्तर प्रदेश के खेतों और सिक्किम के पहाड़ों में फैले लाखों भारतीयों को जोड़ती है, डिजिटल भुगतान के लिए यूपीआई को वैश्विक और आरोह्य योजना बनाने का जबरदस्त अवसर है। एक बड़े कॉर्पोरेट को सशक्त बनाने से लेकर सब्जी विक्रेता को सशक्त बनाने तक, त्वरित, रीयल टाइम मोबाइल भुगतान की सुविधा में भारत की शानदार सफलता की कहानी ने दुनिया को अचंभित कर दिया है। जून 2021 में, यूपीआई ने 5.47 ट्रिलियन रुपए मूल्य के 2.8 बिलियन लेनदेन दर्ज किए। यूपीआई का लेनदेन अब अमेरिकन एक्स्प्रेस की विश्व स्तर पर लेनदेन की संख्या के दोगुने से अधिक है। हाल ही में, गूगल ने भारत में यूपीआई के सफल कार्यान्वयन की सराहना करते हुए, यूएस फेडरल रिजर्व को लिखा, और यूएसए के फेडरल रिजर्व प्रणाली को भारत से प्रेरणा लेने के लिए सुझाव दिया।

डिजिटल इंडिया परिदृश्य में एक उल्लेखनीय नवाचार जी2बी (सरकार द्वारा व्यापार को) सरकारी ई-बाजार का प्रारंभ रहा है। जीईएम पोर्टल ने सार्वजनिक खरीद परिदृश्य को बदलने के लिए प्रौद्योगिकी का सफलतापूर्वक लाभ उठाया है। अब तक, पोर्टल ने 19.17 लाख विक्रेता पंजीकरण लक्ष्य को पार कर लिया है, जो पिछले वर्ष के विक्रेताओं की संख्या का लगभग 5 गुना है। झारखंड के जनजातीय लोगों के गहने, कश्मीर के सूखे मेवे, चेन्नई से नृत्य की शिक्षा, ओडिशा के वस्त्र- ई-कॉमर्स और इंटरनेट के संयोजन ने उत्पादों और व्यवसायों के फलने-फूलने के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम बनाया है। इंटरनेट लाखों भारतीयों के लिए अपने जुनून को आगे बढ़ाने और उसे कारोबार बनाने और विश्व स्तर पर ग्राहकों के साथ बातचीत करने के लिए सबसे बड़ा सहायक रहा है।

डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत जिन दो प्रमुख क्षेत्रों को भारी प्रोत्साहन मिला है, वे हैं स्वास्थ्य और शिक्षा। ये भारतीय नागरिकों के समग्र जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं और एक समग्र विकास पथ का वर्णन करते हैं। भारत के भीतरी प्रदेशों में, सुनहरे रंग के लाभार्थी कार्ड कई लोगों के लिए जीवन रक्षक माने जाते हैं, जो स्वास्थ्य सेवा तक समान पहुंच के लिए एक जगह से दूसरी जगह दौड़ लगाने की विभिन्न कठिनाइयों को दूर करते हैं। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) स्वास्थ्य देखभाल और प्रौद्योगिकी का एक अनोखा मेल है और दुनिया में सबसे व्यापक कैशलेस, संपर्क रहित, पेपरलेस और डिजिटल स्वास्थ्य बीमा योजना है जो भारत के 500 मिलियन से अधिक नागरिकों को कवर करती है, जो यूरोप की आबादी के बराबर है। राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन (एनडीएचएम) के साथ पीएमजेएवाई भारत में एक संपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल डिलीवरी में व्यापक रूप से सुधार कर रहा है और एक ऐसी प्रणाली की ओर बढ़ रहा है जो डेटा-एकीकरण और मानकीकरण के माध्यम से पूरी तरह से प्रौद्योगिकी सक्षम है। एक उदाहरण जो वास्तव में इस संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के विज़न के साथ मेल खाता है, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक आकांक्षी जिले, चित्रकूट से उभरा है। चित्रकूट ने अपने विकासात्मक चुनौतियों के बावजूद, जिले के सभी निवासियों के लिए एक प्रभावी टेलीमेडिसिन वितरण तंत्र बनाने के लिए सामान्य सेवा केंद्रों, ग्राम स्तर के उद्यमियों और आशा कार्यकर्ताओं का आश्चर्यजनक रूप से लाभ उठाया है। इस हस्तक्षेप के तहत, दूरदराज के क्षेत्रों के मरीज अपने घरों से अस्पतालों तक यात्रा किए बिना विशेषज्ञ देखभाल का लाभ उठा सकते हैं, जिससे काफी समय और धन की बचत होगी।

भारत के एक डिजिटल समाज और एक ज्ञान अर्थव्यवस्था में परिवर्तन से नागरिकों के जीवन को आसान बनाने में काफी सुधार आया है। सार्वभौमिक रूप से सुलभ डिजिटल संसाधन जैसे इंडिया पोस्ट जो दुनिया की सबसे बड़ी कम्प्यूटरीकृत और नेटवर्क वाली डाक प्रणाली है, आयुष संजीवनी एप्लिकेशन, डिजिलॉकर, उमंग ऐप, कानूनी सलाह के लिए टेली कानून, फेरी वालों (स्ट्रीट वेंडर) के लिए स्वनिधि योजना और गैस सिलेंडरों की आसान बुकिंग के लिए 10,000 बीपीसीएल सीएससी केंद्रों की शुरुआत कुछ ऐसे तंत्र हैं जो भारतीय नागरिकों के लिए न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन का काम कर रहे हैं। डिजिटल इंडिया का एक और क्रांतिकारी परिणाम माईजीओवी -प्लेटफॉर्म है जो सहभागी शासन को बढ़ावा देने वाला दुनिया का सबसे बड़ा संवादात्मक डिजिटल लोकतंत्र पोर्टल है।

जैसे-जैसे भारत डेटा समृद्ध से डेटा इंटेलिजेंट बनने की ओर बढ़ रहा है, मशीन लर्निंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) - पानी की उपलब्धता, सीखने के परिणाम, स्वास्थ्य में सुधार और कृषि उत्पादकता में वृद्धि जैसी अपनी बड़ी मात्रा में चुनौतियों का समाधान ढूंढेगा । आगे चलकर, मेरा विश्वास यह है कि विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी उत्पादों के विकास के लिए डेटा उत्सुक युवा उद्यमियों और एआई-सक्षम नीति वातावरण से महत्वपूर्ण इनपुट की आवश्यकता होगी। भारत को सामाजिक रूप से जागरूक और विकासोन्मुख उत्पाद प्रबंधकों, एआई वैज्ञानिकों, उत्पाद डिजाइनरों और सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की एक नवीन नस्ल का विकास करना चाहिए।

समावेशी प्रौद्योगिकी समाधानों का निर्माण कम लागत पर भारी मात्रा में सेवाओं की उपलब्धता और स्थानीय भाषाओं में वीडियो और आवाज की सुविधा के बारे में है।

## सू- दोकू क्र.134

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र.133 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# क्षमा ही देती है बड़प्पन व्यक्ति को

योगेंद्र नाथ शर्मा 'अरुण'

अक्सर देखा जाता है कि समाज में यूं तो हर प्रकार के व्यक्ति हमें मिल जाते हैं, लेकिन उनमें ऐसे व्यक्ति विरले ही होते हैं, जिन्हें हम बड़प्पन से युक्त कह सकें। हिन्दी साहित्य में नीति के दोहे रचने वाले कविवर रहीम को सदा आदमी के दिल में बसने वाला रचनाकार माना जाता है। कविवर रहीम के दोहों में जीवन के ऐसे गूढ़ तत्व हमें सहज ही मिल जाते हैं, जिन्हें हम बड़ी-बड़ी पोथियां पढ़ कर भी शायद न पा सकें।

कविवर अब्दुर्रहमान खानखाना को ही रहीम कहा गया है और आज भी गांव-गांव में आपको रहीम के रचे हुए दोहे सुनने को मिल जाएंगे। उनका एक प्रसिद्ध दोहा ऐसा है, जिसमें पुराण प्रसिद्ध लोककथा को गूंथते हुए रहीम जी ने क्षमा का महत्व बताया है ः-

छमा बड़ेन को चाहिये, छोटन को उतपात। का रहीम हरि का घट्यौ, जो भृगु मारी लात।

लोकजीवन में यह कथा प्रसिद्ध है कि क्रोधी ऋषि भृगु ने विष्णु जी की छाती पर पांव से प्रहार किया था, किन्तु विष्णु जी ने इस लात मारने की मर्यादाहीनता को भी क्षमा कर दिया था।

हाल ही में, विश्व प्रसिद्ध नेता नेल्सन मण्डेला के जीवन का अत्यंत मार्मिक प्रसंग पढ़ने को मिला। वह प्रसंग यूं है ः-

दक्षिण अफ्रीका का राष्ट्रपति बनने के बाद एक बार नेल्सन मंडेला अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ एक होटल में खाना खाने गए। सबने अपनी पसंद का खाना आर्डर किया और खाना आने का इंतजार करने लगे। उसी समय मंडेला की सीट के सामने वाली सीट पर एक व्यक्ति बैठा हुआ अपने खाने का इंतजार कर रहा था। तभी मंडेला ने अपने सुरक्षाकर्मी से कहा कि उस व्यक्ति को भी अपनी टेबल पर बुला लो। ऐसा ही हुआ। जब सभी खाना खाने लगे तो वह आदमी भी अपना खाना खाने लगा। लेकिन उसके हाथ खाना खाते हुए कांप रहे थे। अपना खाना खत्म करके वह आदमी सिर झुका कर होटल से बाहर निकल गया। उस आदमी के जाने के बाद मंडेला के सुरक्षा अधिकारी ने मंडेला से कहा कि वो व्यक्ति शायद बहुत बीमार था, खाते वक्त उसके हाथ लगातार कांप रहे थे, बल्कि वह तो खुद भी बहुत ज्यादा कांप रहा था।

तब मंडेला ने कहा, नहीं, वह बीमार नहीं था, बल्कि वह उस जेल का जेलर था, जिसमें मुझे कैद रखा गया था। जब कभी मुझे यातनाएं दी जाती थीं और मैं पीड़ा से कराहते हुए जेलर से पानी मांगता था, तो यह मेरे ऊपर पेशाब कर दिया करता था।

बड़े ही शान्त भाव से मंडेला ने कहा कि मैं अब राष्ट्रपति बन गया हूं। उसने समझा होगा कि मैं भी उसके साथ शायद वैसा ही घृणित व्यवहार करूंगा, इसीलिए वह डर से कांप रहा था। परंतु मेरा चरित्र ऐसा नहीं है। मुझे लगता है कि बदले की भावना से कोई काम करना मनुष्य को विनाश की ओर ले जाता है। वहीं क्षमा, धैर्य और सहिष्णुता की मानसिकता हमें विकास की ओर ले जाती है और क्षमा व्यक्ति को बड़प्पन देती है।

स्वर्गीय नेल्सन मंडेला के जीवन के इस प्रसंग ने एक बार फिर यह अहसास कराया है कि हमारा हृदय जब व्यापक चिंतन वाला हो जाता है तो फिर हम अपने साथ नीचता करने वाले को भी क्षमा कर देते हैं। भगवान बुद्ध के जीवन का प्रसंग भी तो ऐसा ही है, जब उन्हें सबके सामने गालियां देने वाले पर भी उन्होंने क्रोध नहीं किया, बल्कि शिष्यों से कहा कि यह मुझे गालियां दे रहा है, किन्तु मैंने तो इसकी दी हुई गालियां ली ही नहीं, तो वे मेरी कहां हुई?

जीवन का सच तो यही है कि मल को हम कभी भी मल से नहीं धो सकते, उसे तो जल से हो धोया जा सकता है। संत कबीर कहते हैं ः-

जो तोकूं कांटा बोए, ताहि बोउ तू फूल।

तोकूं फूल के फूल हैं, वाको है तिरसूल।

अर्थात् अगर कोई कांटे बोता है तो कांटे ही उसको मिलेंगे, इसलिए तुम कांटा बोने वाले के लिए भी फूल ही बोओ, जो सदा फूल ही रहेंगे। जीवन का बड़ा ही सीधा-सा सिद्धांत है कि जो बोओगे, वही काटोगे भी। तब भला क्यों, असहिष्णुता, अधैर्य और क्रोध के कांटों को अपने जीवन की बगिया में बोया जाए? आइए, इतना तो संकल्प कर ही लें हम सब कि अपने जीवन को कांटों की फसल नहीं बनने देंगे।

# ग्राम प्रधानों ने बीडीओ ऑफिस में की तालाबंदी



संवाददाता

गैरसैंण। 12 सूत्रीय मांगों को लेकर खंड विकास कार्यालय गैरसैंण परिसर में आंदोलनरत पंचायत प्रधान संगठन ने बीडीओ कार्यालय में तालाबंदी कर रोष जताया। ग्राम प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष पान सिंह नेगी ने बताया कि शुक्रवार को प्रखंड के सभी पंचायत प्रधान, उप प्रधान व वार्ड सदस्यों ने आज तहसील मुख्यालय में प्रदर्शन कर तालाबंदी की। कहा कि 15 हजार रुपये मानदेय, मनरेगा में न्यूनतम 200 दिन कार्य व 400 रुपये मजदूरी सहित 12 सूत्री मांगों को लेकर प्रधान संगठन का क्रमिक अनशन विकासखंड मुख्यालय पर दसवें दिन भी जारी रहा।

ब्लाक प्रधान संगठन अध्यक्ष पान सिंह नेगी ने बताया कि सरकार द्वारा लगातार प्रधान संगठन की मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। लम्बे आंदोलन के बाबजूद अभी तक मांगों पर कोई विचार न करके सरकार ने उग्र आंदोनल के लिए विवश कर दिया है। शुक्रवार को प्रदेश प्रधान सचिव गोवर्धन प्रसाद, प्रधान धड़ियाल मल्ली भीम सिंह भंडारी, प्रधान धड़ियाल तल्ली मीना देवी, प्रधान मरोड़ा प्रेम सिंह, प्रधान कोइलख मुकेश कण्डारी, प्रधान सिंटोली भागा देवी आदि क्रमिक अनशन में शामिल हुए।

# राजभवन घेराव में आंदोलनकारियों से बड़ी संख्या में जुटने का आह्वान

नगर संवाददाता

देहरादून। चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय संयोजक व पूर्व राज्य मंत्री मनीष कुमार का कहना है कि राज्य आंदोलनकारियों ने 14 जुलाई को राजभवन घेराव का फैसला किया है।

कहा कि राजभवन घेराव के दौरान राज्य आंदोलनकारियों द्वारा विभिन्न मांगों को उठाया जाएगा। कहा कि राजभवन ने 10 प्रतिशत नौकरियों में आरक्षण का मामला दबाए रखा। जिसपर आज तक कोई भी कार्यवाही नहीं की है, जो लोग राज्य आंदोलनकारी होते हुए भी चिन्हित ना होने की वजह से अपने, चिह्नीकरण की मांग कर रहे हैं। यह भी एक बड़ा मुद्दा है।



पूर्व की कांग्रेस सरकारों ने जो राज्य आंदोलनकारियों के लिए किया है वह किसी से छुपा नहीं है। राज्य आंदोलनकारी कल्याण बोर्ड बनाए और आंदोलनकारियों की समस्याओं का निराकरण किया परंतु जब से यह भाजपा सरकार आई है इन्होंने केवल और केवल आश्वासन और झूठी बातें ही करी हैं और राज्य आंदोलनकारी कल्याण बोर्ड का गठन आज तक नहीं किया। इससे इनकी मानसिकता का पता चलता है, जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। इन्हीं सब राज्य आंदोलनकारियों की समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए राज्य आंदोलनकारी 14 तारीख को राजभवन कूच करेंगे। मनीष कुमार ने प्रदेश के सभी राज्य आंदोलनकारियों से बड़ी संख्या में राजभवन कूच में शामिल होने का आहवान किया है।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# महानगर कांग्रेस सोशल मीडिया कमेटी का विस्तार



संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग द्वारा देहरादून महानगर की सोशल मीडिया कमेटी का विस्तार करते हुए नये पदाधिकारियों को नियुक्ति प्रदान की गई है।

इस आशय की जानकारी देते हुए महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया कमेटी की चेयरमैन शिल्पी अरोड़ा के निर्देश पर कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के महानगर अध्यक्ष मधुसूदन सुन्द्रियाल विक्की नायक को महानगर सोशल मीडिया विभाग का उपाध्यक्ष, मनीष राणा, अनुराग जगोत्रा एवं दिनेश पंवार को महानगर महासचिव तथा वहदूद हसन को महानगर सचिव मनोनीत किया गया है।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया कमेटी की चेयरमैन शिल्पी अरोड़ा ने पदाधिकारियों द्वारा सोशल मीडिया विभाग को दिए जा रहे योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि पार्टी की सोशल मीडिया टीम द्वारा पार्टी संगठन के निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए प्रचार-प्रसार में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन किया जा रहा है जिसका लाभ आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को निश्चित रूप से मिलेगा। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाये जा रहे अभियान ज्वाईन कॉग्रेस सोशल मीडिया के तहत जिन लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया उन्हें भी चयन के आधार पर प्रदेश सोशल मीडिया विभाग की टीम में शामिल किया जायेगा।

इस अवसर पर उपस्थित महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि पार्टी

### ❑नये पदाधिकारियों को मिली नियुक्ति

के प्रत्येक वरिष्ठ कार्यकर्ता को पूरा सम्मान देते हुए उन्हें संगठन में समायोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के अन्य मेहनती निष्ठावान और समर्पित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी जल्द ही अपनी टीम में शामिल करते हुए पुराने और प्रोफेशनल लोगों का समावेश करके उन्हें प्रदेश, जिला, महानगर, ब्लॉक, नगर और न्याय पंचायत इकाइयों में शामिल किया जायेगा। इस अवसर पर आयोजित बैठक में 2022 के विधानसभा चुनावों में सोशल मीडिया विभाग की भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गई है।

## सीएम आवास घेराव की कांग्रेस की तैयारियां तेजः धीरेंद्र

देहरादून (नसं)। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि 10 जुलाई को



सीएम आवास घेराव के लिए कांग्रेस की तैयारियां तेज होने की बात कही है। उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप का कहना है कि प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने पार्टी नेताओं से संपर्क कर इस प्रदर्शन को भव्य बनाने तथा वाद्य यंत्रों के साथ इस रैली में शामिल होने के निर्देश दिए हैं। धीरेंद्र प्रताप ने बताया कि इस संबंध में पूर्व सीएम और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव हरीश रावत से भी टेलीफोन पर बात हुई। उन्हें उम्मीद है कि चार-पांच दिन में पूरी तरह से स्वस्थ होकर वे फिर तेजी से पार्टी के पक्ष में अपना अभियान जारी रखेंगे। धीरेंद्र प्रताप ने बताया कि इस प्रदर्शन में पार्टी के प्रभारी देवेंद्र यादव भी शामिल होंगे।

# अरुणाचल के राज्यपुष्प को भाई उत्तराखण्ड की वादियां

## ●उत्तरकाशी में एक अखरोट के पेड़ को बनाया घरौंदा

संवाददाता

उत्तरकाशी। अरुणाचल प्रदेश का राज्य पुष्प फॉक्सटेल ऑर्चिड से इन दिनों उत्तरकाशी की वादियों को महका रहा है। सनातनी धर्म की मान्यताओं के अनुसार इस फूल को हिंदी में द्रौपदीमाला कहा जाता है। धार्मिक, औषधीय व सांस्कृतिक विरासत से जुड़े द्रोपदीमाला पुष्प की सुगंध से इन दिनों उत्तरकाशी के मांगली बरसाली गांव को महका रही है।



बताते चलें कि धार्मिक महत्व को देखते हुए उत्तराखंड के वन महकमे ने इसको सहेजने में सफलता पाई है। पुष्प को वन अनुसंधान केंद्र ने हल्द्वानी स्थित एफटीआइ की नर्सरी में खिलाकर इसे संरक्षित किया है। लेकिन प्रकृति की मेहरबानी ही कही जाएगी कि यह फूल इन दिनों मांगली गांव में एक अखरोट के पेड़ पर खिल कर सुंदरना की छटा बिखेर रहा है। यह फूल वियतनाम, मलेशिया, इंडोनेशिया व भारत के अरुणाचल प्रदेश, आसाम व बंगाल में बहुतायत प्राकृतिक रूप से उगता है। अरुणाचल प्रदेश व आसाम का ये राज्य पुष्प भी है। लेकिन अपने उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में इस फॉक्सटेल ऑर्चिड के लिए अनुकूल माहौल वातावरण, पर्यावरण नहीं है। जिसके चलते इसको उगाने के प्रयास सरकारी स्तर पर जारी हैं। इन सबके बावजूद मांगली बरसाली गांव में एक अखरोट के पेड़ पर इस फूल ने पिछले 10 वर्षों से अपना घरौंदा बना रखा है। पिछले 10 वर्षों से ये फूल हर मई जून में खिलता है। यह फॉक्सटेल ऑर्चिड पुष्प अधिपादप श्रेणी में है।

गंगा विचार मंच के प्रदेश संयोजक लोकेन्द्र सिंह बिष्ट ने बताया कि उनके गांव मांगली बरसाली में ये पिछले 10 साल से एक पुराने अखरोट के पेड़ पर हर वर्ष मई जून में खिलता है। मेडिकल गुणों की वजह से इसकी खासी डिमांड है। आंध्र प्रदेश में इसकी तस्करी भी होती है।

उल्लेखनीय है कि द्रोपदीमाला पुष्प को उत्तराखंड के वन अनुसंधान केंद्र द्वारा ज्योलीकोट व एफटीआइ की नर्सरी में प्रयोग के तौर लगाया गया है। जानकारों के अनुसार अस्थमा, किडनी स्टोन, गठिया रोग व घाव भरने में द्रोपदीमाला का दवा के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है।




## एक नजर

# महंगाई का विकास जारी, अच्छे दिन देश पे भारीः राहुल गांधी

नई दिल्ली। सीएनजी के दाम में बढ़ोतरी को लेकर विपक्ष लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर हैं। अर्थव्यवस्था और महंगाई के मुद्दे पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को निशाना साधा। उन्होंने केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए आरोप लगाया कि महंगाई का विकास जारी है जिसके कारण अच्छे दिन देश पर भारी पड़ रहे हैं। उन्होंने सीएनजी के दाम में वृद्धि का उल्लेख करते हुए ट्वीट किया, महंगाई का विकास जारी, अच्छे दिन देश पर भारी, प्रधानमंत्री की बस, मित्रों को जवाबदारी! गौरतलब है कि पेट्रोल–डीजल की कीमतों में रिकॉर्ड वृद्धि के बीच दिल्ली समेत आस–पास के शहरों में बृहस्पतिवार को संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) भी महंगी हो गई। लागत बढ़ने के कारण सीएनजी की कीमतें बढाई गयी है। दिल्ली में सीएनजी और घरेलू रसोई पाइप गैस की खुदरा बिक्री करने वाली कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने बृहस्पतिवार को सीएनजी का दाम ९० पैसे प्रति किलो और रसोई गैस का दाम १.२५ रुपये प्रति घन मीटर बढ़ा दिया।


Rahul Gandhi
@RahulGandhi

महँगाई का विकास जारी,
'अच्छे दिन' देश पे भारी,
PM की बस मित्रों को जवाबदारी!

#PNG #CNGPriceHike

10:11 AM · Jul 9, 2021

27.6K 2K Copy link to Tweet


# व्हाट्सएप फिलहाल नहीं लागू करेगा विवादित प्राइवेसी पॉलिसी

नई दिल्ली। व्हाट्सएप ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया है कि वो फिलहाल अपनी विवादित प्राइवेसी पॉलिसी को लागू नहीं करने जा रहा है। जब तक डाटा प्रोटक्शन बिल अमल में नहीं आता, ये पॉलिसी लागू नहीं होगी। इस दरमियान उपभोक्ताओं को इस पॉलिसी को चुनने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। व्हाट्सएप ने ये भी कहा कि कंपनी तब तक ग्राहकों को नई प्राइवेसी पॉलिसी चुनने के लिए मजबूर नहीं करेगी जब तक कि डेटा प्रोटेक्शन बिल लागू नहीं हो जाता। प्राइवेसी पॉलिसी नहीं मानने वाले ग्राहकों पर किसी तरह का प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा। दरअसल व्हाट्सअप, फेसबुक ने प्राइवेसी पॉलिसी को लेकर सीसीआई की जारी जांच के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सीसीआई की जांच पर रोक से इंकार कर दिया था। दिल्ली हाईकोर्ट में व्हाट्सएप उसकी पेरेंट कंपनी फेसबुक की एक याचिका पर सुनवाई चल रही थी, जिसमें नई प्राइवेसी पॉलिसी के खिलाफ सीसीआई की जांच में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया गया था। दरअसल, २३ जून को दिल्ली हाईकोर्ट ने व्हाट्सएप की नई प्राइवेसी पॉलिसी की जांच के सिलसिले में फेसबुक मैसेजिंग ऐप से कुछ सूचना मांगने वाले सीसीआई के नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।



# केरल में जीका वायरस की दस्तक!

नई दिल्ली। कोरोना संकट के बीच केरल में जीका वायरस का पहला मामला सामने आया है। इसके अलावा १३ संदिग्ध मामले भी हैं। इस वायरस से २४ साल की एक गर्भवती महिला संक्रमित मिली है। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने वीरवार को यह जानकारी दी। संक्रमित महलिा की कोई ट्रेवल हिस्ट्री नहीं है, लेकिन उनका घर तमिलनाडु सीमा पर है। एक हफ्ते पहले उनकी मां में भी इसी तरह के लक्षण दिखे थे। जीका वायरस से संक्रमित होने के लक्षण डेंगू जैसे ही होते हैं, जैसे बुखार आना, शरीर पर चकत्ते पडऩा और जोड़ों में दर्द। जॉर्ज ने बताया कि तिरुवनंतपुरम में इस वायरस के १३ संदिग्ध मामले हैं। सरकार पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) से पुष्टि का इंतजार कर रही है। तिरुवनंतपुरम से १९ सैंपल्स भेजे गए हैं जिनमें डॉक्टर समेत १३ स्वास्थ्य कर्मी शामिल हैं। इन सभी के मच्छर से होने वाले जीका वायरस से संक्रमित होने का शक है। बताया गया कि जीका वायरस से संक्रमित महिला तिरुवनंतपुरम के पारसलेन की रहने वाली है। महिला ने सात जुलाई को बच्चे को जन्म दिया है। महिला को बुखार, सिर दर्द और शरीर पर लाल निशान पडने की वजह से २८ जून को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में की गई जांच से उनके जीका से संक्रमित होने की पुष्टि हुई और सैंपल को पुणे के एनआईवी में भेजा गया। महिला अभी अस्पताल में भर्ती है उसकी स्थिति संतोषजनक है।




# बद्रीनाथ धाम में धड़ल्ले से चल रहा है अवैध निर्माण

## ❑माफिया व मंदिर समिति के लोग लगा रहे हैं पीएम की परियोजना को पलीता



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। बद्रीनाथ धाम में इन दिनों व्यापक स्तर पर अवैध निर्माण धड़ल्ले से जारी है। खास बात यह है कि यह निर्माण कार्य माफिया और मंदिर समिति की मिलीभगत से हो रहा है जिसकी संबंधित अधिकारियों को भी जानकारी है। लेकिन इसके खिलाफ कोई कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

बद्रीनाथ धाम के पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण की जो योजना गतिमान है उसकी निगरानी खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की जा रही है। पीएम का यह ड्रीम प्रोजेक्ट 425 करोड़ का है, जिसे 3 चरणों में पूरा किया जाना है। प्रधानमंत्री कि इस अति महत्वकांक्षी योजना को माफिया और मंदिर समिति के लोगों की मिलीभगत से कैसे धज्जियां उड़ाई जा रही है यह तस्वीरें इसकी साक्षी है। जिस जमीन पर यह अवैध निर्माण किया जा रहा है वह सरकार द्वारा मंदिर समिति को लीज पर दी गई जमीन है जिस पर किसी भी तरह के निर्माण या उसे बेचने का अधिकार समिति के पास नहीं है। इसके बाद भी इस जमीन पर यहां अवैध निर्माण कैसे कराया जा रहा है, निर्माण कौन कर रहा है तथा निर्माण कौन करा रहा है इसकी जानकारी अगर संबंधित अधिकारियों को है तो वह इस अवैध निर्माण को रोकने के लिए कुछ भी कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं?

उल्लेखनीय है कि केदारनाथ आपदा के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने केदारधाम के नव निर्माण की योजना के पूरा होने के साथ बद्रीनाथ धाम के सौंदर्यीकरण की महत्वकांक्षी योजना शुरू की है। जिसकी निगरानी स्वयं प्रधानमंत्री कर रहे हैं लेकिन इसकी आड़ में माफिया और मंदिर समिति के लोग यहां अवैध निर्माण में जुटे हुए हैं जिससे पीएम की योजना पर सवालिया निशान लगना स्वाभाविक है। देवभूमि में माफिया हर योजना में अपना फायदा तलाश लेते हैं। गैरसैंण को राजधानी बनाने की कवायद के साथ ही माफिया ने वहां बड़े पैमाने पर जमीनों की खरीद–फरोख्त शुरू कर दी थी जिस पर सरकार ने बाद में संज्ञान लिया था। ठीक वैसा ही कुछ अब बद्रीनाथ धाम में भी देखा जा रहा है।

# आईपीएस अभिनव कुमार बने अपर प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री



नगर संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पद संभालने बाद से ही शासन में शीर्ष स्तर पर फेरबदल चल रहा है। मुख्य सचिव और अपर मुख्य सचिव के बाद अब वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अभिनव कुमार को अपर प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

इस आशय का आदेश आज शासन से जारी किया गया। अभिनव कुमार के पास वर्तमान में अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन का दायित्व है। उनकी गिनती प्रदेश के ईमानदार पुलिस अफसरों में की जाती है। बताया जा रहा है कि कुछ अन्य अधिकारियों को भी शासन में बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। पुलिस विभाग और कुछ अन्य आईएएस अधिकारियों को नयी जिम्मेदारी दी जा सकती है।

# लाखों की स्मैक सहित दो गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

देहरादून। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दो नशा तस्करों को दबोच कर उनके पास से लाखों रूपये की स्मैक बरामद की है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज कोतवाली पटेलनगर पुलिस गश्त पर थी। इस दौरान जब पुलिस नगर निगम कलोनी ब्रहमपुरी पुश्त वाली गली के समीप पहुंची तो उसे वहां दो संदिग्ध घूमते हुए दिखायी दिये। पुलिस ने जब उन्हे रोकना चाहा तो वह भाग खड़े हुए। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से 20.25 ग्राम स्मैक व 2500 की नगदी बरामद की। थाने लाकर की गयी पूछताछ में उन्होने अपना नाम नितिन उर्फ नाटू पुत्र लारेंस निवासी ब्रहमपुरी व गोपाल दत्त पोखरियाल पुत्र भगत पोखरियाल निवासी अल्मोड़ा बताया। बताया कि यह स्मैक हम बरेली उत्तर प्रदेश के अलग–अलग जगहों से लाते है तथा देहरादून में



अलग–अलग स्थानों में बेचते है। पुलिस ने उन्हे एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। बरामद स्मैक की कीमत 1,20,000 रूपये आंकी गयी है।


## आवश्यकता है

आवश्यकता है एक माली की।

संपर्क करें- 9358134808



आर.एन.आई. 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*